BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI ROAD, LUDHIANA

Class-VII

Hindi

Assignment-5

1)गद्यांश को पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

धरती पर जीवन के लिए अत्यंत जरूरी तत्वों में से जल और ऑक्सीजन प्रमुख हैं और हम यह जानते हैं धरती पर ऑक्सीजन के मुख्य स्रोत पेड़ ही हैं। वैसे तो सभी वृक्ष दिन के समय ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जो जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा मनुष्य के लिए हानिकारक कार्बन-डाइऑक्साइड गैस लेते हैं। सूर्य के प्रकाश तथा कार्बन-डाइऑक्साइड की उपस्थिति में पेड़-पौधे अपना भोजन बनाते है। अल्ट्रावायलेट किरणों से बचने में भी पेड़ों की अहम् भूमिका होती है जिससे त्वचा कैंसर तथा अन्य बीमारियों से सुरक्षा मिलती है। आँवला, हरड़, बहेड़ा, ऐलोवेरा, अर्जुन, अशोक, नीम, जामुन आदि प्रसिद्ध आयुर्वेदिक औषधियाँ ही पेड़-पौधों से ही प्राप्त होती हैं। पेड़-पौधों से हमें फल, सब्ज़ियाँ, अन्न आदि मिलते है, जो हमारे भोजन के प्रमुख अंग हैं। न सिर्फ मानव जाति बल्कि पशु पक्षी भी पड़-पौधों से अपना भोजन प्राप्त करते हैं।

1. वृक्षों को ऑक्सीजन का स्रोत क्यों कहा गया है?
2. पेड़-पौधे क्या छोड़ते और क्या ग्रहण करते हैं?
3. पेड़-पौधों से हमें क्या-क्या प्राप्त होता है?
4. कौन-कौन सी आयुर्वेदिक औषधियाँ पेड़-पौधों से प्राप्त होती हैं?
5. 'पेड़-पौधे' समस्तपद का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए।

2)अति लघु प्रश्न के उत्तर दीजिए।

1. राहुल को कहानी कौन सुनता है?
2. महाभारत में वीर किसके पक्ष में थे और जीत किसकी हुई थी?
3. अज्जू की माँ हर रोज़ किसकी राह देखती थी?
4. दौड़ प्रतियोगिता कब और कितने बजे शुरू हुई थी?

3) लघु प्रश्नों के उत्तर दो यदि पंक्तियों में दीजिए।

1. समीर ने अपने मित्र से बदला लेने के लिए क्या किया?

2.जिंदगी के असली मुझे किसके लिए है?

3. "वो हार गया" कहानी में आपको किस मित्र का व्यवहार अच्छा लगा और क्यों?
4. अज्जू की सफलता पर पिता ने उसके लिए क्या भेजा?

4) शब्दार्थ और वाक्य

भौचक्का, हिंमबिंदु, अरण्य, इंगित

5)निम्न शब्दों के उपसर्ग एवं मूल शब्द अलग कीजिए।

सकुशल,आलोक,भौंचक्का

6) निम्न शब्दों की भाववाचक संज्ञा बनाइए।

नमक, गरम, ताजा, शीतल

7)मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

मुंह ताकना,मुखड़ा खिल जाना

8)निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

i)आगमन का उचित विलोम है

क)नीरस ख)प्रस्थान ग)वीर घ)अपूर्ण

ii)उचित विलोम शब्द लिखिए।

रमेश हमेशा ही कटु वचन बोलकर दूसरों को तंग करता है लेकिन सुरेश—---बोलकर तारीफे सुनता है।

iii)जड़ शब्द का सही अर्थ है

क)हिस्सा ख)सेना ग)जीवन घ)स्थिर

iv)‘घर’ शब्द के दो अर्थ लिखिए।

v) पुत्र शब्द किस वर्ग से संबंधित है

क) तत्सम ख)देशज ग) विदेशी घ) योगरूढ

vi)‘निद्रा’ शब्द का तद्भव रूप लिखिए।

vii)“पिता की भक्ति”विग्रह का समस्त पद बनाकर समास लिखिए।

viii)“माता जी खाना बनाती है।(सामान्य भविष्यत काल) वाक्य में बदलिए।